वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में वैश्वीकरण और डिजिटल अर्थव्यवस्था में आर्थिक, सामाजिक, तथा तकनीकी संरचनाओं में व्यापक परिवर्तन परिलक्षित हुआ है। इस शोध का उद्देश्य वैश्वीकरण की प्रक्रिया के साथ डिजिटल तकनीक के एकीकरण से उत्पन्न नहीं आर्थिक दिशा का विश्लेषण करना है। विशेष रूप से यह अध्ययन डिजिटल प्लेट फॉर्म, ई–कॉमर्स,फिंनटेकतथा डेटाआधारित नवाचारों के माध्यम से आर्थिक विकास, रोजगार सृजन एवं उत्पादकता पर पढ़ने वाले प्रभावों की समीक्षा करता है। यह शोध गुणात्मक एवं मात्रात्मक तकनीक पर आधारित है जिसमें द्वितीयक आंकड़ों का विश्लेषण तथा विभिन्न देशों के तुलनात्मक अध्ययन को शामिल किया गया है। अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था ने बाजारों की सीमाओं को समाप्त करते हुए वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया है, साथ ही छोटे एवं मध्यम उद्यमों के लिए नए अवसर भी सृजित किए हैं। हालांकि इसके साथ डिजिटल विभाजन डेटा सुरक्षा और रोजगार के स्वरूप में बदलाव जैसी चुनौतियां भी सामने आई है। अतः यह आवश्यक है कि नीतिगत स्तर पर संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए डिजिटल समावेशन और सतत् विकास को सुनिश्चित किया जाए

**शब्दकुंजी :** वैश्वीकरण, रोजगार परिवर्तन, आर्थिक विकास, डिजिटल समावेशन, डिजिटल अर्थव्यवस्था।

# ग्रामीण भारत में ई–कॉमर्स और वैश्विक बाजार की संभावनाएँ

**अनिल कुमार देवांगन** [1]
**सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य)**
**शासकीय नवीन महाविद्यालय पेण्ड्रावन,**
**जिला–दुर्ग (छ.ग.)**
**Email :- anildewanganji@gmail.com**

**देवेश कुमार गजपाल** [2]
**सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य)**
**शासकीय नागरिक कल्याण महाविद्यालय**
**अहिवारा, जिला–दुर्ग (छ.ग.)**
**Email :- deveshgajpal07071996@gmail.com**

**सारांश** (Abstract):–

ग्रामीण भारत, जहाँ लगभग 65–70% आबादी निवास करती है, देश की अर्थव्यवस्था का आधार है। यहाँ कृषि, हस्तशिल्प और छोटे उद्योगों की विविधता मौजूद है, जो घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों में अपनी पहचान बना सकते हैं। हाल के वर्षों में डिजिटल इंडिया और भारतनेट जैसी योजनाओं ने इंटरनेट कनेक्टिविटी को गाँवों तक पहुँचाकर ई–कॉमर्स की संभावनाओं को नई दिशा दी है। इसके साथ ही UPI ने डिजिटल लेन–देन को सरल बना दिया है, जिससे ग्रामीण उपभोक्ता भी ऑनलाइन खरीदारी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। 2024 तक भारत में ई–कॉमर्स का कुल वॉल्यूम 182 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। यदि इसे भारतीय रुपये में समझें तो उस समय एक अमेरिकी डॉलर की औसत कीमत लगभग ₹83–84 थी। इस हिसाब से 182 बिलियन डॉलर लगभग ₹15 लाख करोड़ रुपये (15 ट्रिलियन रुपये) के बराबर होता है। यह आँकड़ा दर्शाता है कि भारत का ई–कॉमर्स क्षेत्र कितनी तेजी से बढ़ रहा है और ग्रामीण भारत इसमें कितनी बड़ी भूमिका निभा सकता है। 2024 तक भारत में 30 करोड़ ऑनलाइन खरीदार थे, जिनमें ग्रामीण हिस्सेदारी लगभग 30% रही। अनुमान है कि 2030 तक यह संख्या 44 करोड़ तक पहुँच जाएगी। मार्च 2024 तक ग्रामीण इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 39.83 करोड़ थी, जो यह साबित करती है कि ई–कॉमर्स कंपनियों के लिए ग्रामीण भारत एक विशाल उपभोक्ता का आधार है। ग्राम स्वराज और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट जैसी पहलों से गांवों के कारीगरों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार मिल रहा है। वाणिज्य मंत्रालय ई–कॉमर्स कंपनियों के साथ मिलकर जिलों के उत्पादकों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से जोड़ रहा है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो ही रही है, साथ ही आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी बल मिल रहा है। यह शोध ग्रामीण भारत में ई–कॉमर्स की वर्तमान स्थिति, वैश्विक बाजार की संभावनाएँ, चुनौतियाँ और समाधान पर केंद्रित है। इसमें यह समझने का प्रयास किया गया है कि किस प्रकार डिजिटल योजनाएँ और तकनीकी नवाचार ग्रामीण क्षेत्रों को वैश्विक अर्थव्यवस्था से जोड़ रहे हैं और आने वाले समय में यह क्षेत्र ग्रामीण विकास का प्रमुख साधन बन सकता है।

**शब्द कुंजी** (Keywords):– ग्रामीण भारत, ई–कॉमर्स, वैश्विक बाजार, डिजिटल इंडिया, ग्रामीण उद्यमिता, MSMEs.

# वैश्वीकरण एवं प्रवासन : एक समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण

डॉ. खोमन लाल साहू (अतिथि व्याख्याता – समाजशास्त्र)
आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, कवर्धा,
जिला–कबीरधाम (छ.ग.)

**शोध सारांश**

प्रस्तुत शोध पत्र ''वैश्वीकरण और प्रवासन'' पर आधारित है। 21वीं शताब्दी के प्रारंभिक दशक से दुनिया भर के देशों में तकनीकीकरण, आधुनिकीकरण एवं रोजगार के नवीन अवसरों की शुरूआत होने से वैश्विक स्तर पर मुख्यरूप से द्वितीयक एवं तृतीयक स्तर के देशों में शिक्षित एवं कौशलयुक्त युवाओं को प्राथमिक स्तर के देशों, जैसे–अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया एवं अधिकांश यूरोपीयन देशों, इत्यादि देशों के युवाओं को अपनी ओर आकर्षित किया है। परिणामस्वरूप वैश्विक प्रवासन की दर में वृद्धि हो हुई है, इससे ब्रेन–ड्रेन को आकर्षित करते हुए नवाचार, तकनीकी क्षेत्रों में योगदान को बढ़ावा मिला है। भारत जैसे विकासशील देश में भी वैश्विकरण के कारण वैश्विक प्रवासन दर में वर्ष 2020 के बाद 13–17 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज किया गया है। विकिपीडिया के अधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, 2011–2024 तक 20.6 लाख भारतीयों ने विदेशी नागरिकता अपनाये हैं। यह शोध पत्र मूलरूप से द्वितीयक आंकड़ों (शासकीय व गैर–शासकीय दस्तावेजों, शोध पत्रिकाओं, इंटरनेट पर उपलब्ध अध्ययन सामाग्रियाँ) पर आधारित है, साथ ही उपलब्ध साहित्यों के आधार पर समीक्षात्मक अध्ययन किया गया है।

**शब्दकुंजी** – वैश्वीकरण, प्रवासन, तकनीकी, द्वितीयक एवं तृतीय देश।

शोधार्थी : पुष्पांजली ( समाजशास्त्र विभाग)
शासकीय दू ब महिला स्वशासी महाविद्यालय रायपुर छ ग
निर्देशिका : डॉ प्रीति शर्मा

## वैश्वीकरण और प्रवासन : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

वैश्वीकरण शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग करने का श्रेय अर्थशास्त्री थ्योडोरे लेविड को दिया जाता है जब संपूर्ण विश्व आर्थिक मंदी  से गुज़र रहा था तब भारत ने वैश्विक आर्थिक मंदी  से निपटने हेतु 1991 मे एक नयी आर्थिक नीति के रूप मे उदारीकरण और निजीकरण के साथ वैश्वीकरण को अपनाया। वैश्वीकरण से भारत की अर्थव्यवस्था मे व्यापक सुधार आए जिनमे जीडीपी मे वृद्धि, विदेशी निवेश मे बद्धोतरी, निर्यात मे वृद्धि, सूचना प्रौद्योगिकी का विकास, बैंकिंग व फ़ाइनेंस क्षेत्र मे प्रगति के साथ-साथ भारतीय बाजारो मे भी आपसी प्रतिस्पर्धा को जन्म दिया जिससे भारतीय पूंजीपतियों के उत्पादन कार्यो की भी गुदवातता बढ़ी। साथ ही उद्योगों और सेवाओ के विकास से कृषि  क्षेत्र और लघु उद्योगों की उपेक्षा, असमानता मे वृद्धि , रोजगार की अनिश्चितता जैसी समस्याएँ भी सामने आई। वैश्वीकरण ने संपूर्ण विश्व की अर्थव्यवस्थाओं के साथ- साथ संपूर्ण समाज तथा उनकी संस्कृतियों का भी एकीकरण किया। वैश्वीकरण और  प्रवास दोनों ही एक- दूसरे के पूरक हैं वैश्वीकरण ने संपूर्ण समाज को एक ग्लोबल विलेज के समान बना दिया है जिसने वस्तुओं ओर सेवाओं के उत्पादन तथा तकनीकों के विकास के साथ साथ लोगो के पलायन को भी सुगम बनाया और बेहतर संचार तथा परिवहन की सुविधाओं ने अंतर्राष्ट्रीय प्रवास का मार्ग खोल दिया। वैश्वीकरण ने प्रवासन के स्वरूप, गति तथा दिशा को भी प्रभावित किया जिससे लोग बेहतर आर्थिक अवसरो की तलाश, श्रम की आपूर्ति, उच्च्तम सुविधाओं की लालसा, उच्च जीवनशैली हेतु अन्य राष्ट्रों की ओर प्रवास करने लगे। प्रवास ने भारतीय समाज पर अनेक सकारात्मक प्रभाव डाले वहीं वैश्वीकरण द्वारा उत्पन्न प्रवासन ने प्रतिभा पलायन, सांस्कृतिक विनिमय और पारिवारिक विघटन जैसी समस्याओं को भी जन्म दिया।

बीज शब्द - वैश्वीकरण, प्रवास, समाज, अर्थव्यवस्था, विकास, वृद्धि।

"युवा पीढ़ी पर वैश्वीकरण का प्रभाव : मूल्य व जीवन शैली में परिवर्तन।"

(छ.ग. राज्य के कबीरधाम जिले के आचार्य पंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब शास. स्नात. महाविद्यालय, के परिप्रेक्ष्य में ।)

शोधार्थी - टेशु ठाकुर (एम. ए. समाजशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर)
आचार्य पंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा ।
***(What'AppNo-8109558846, Email ID- thakurteshu81@gmail.com)***

"शोध निर्देशक:- श्री मुकेश कामले सर (सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र)"
***(WhatsApp no.- 7999831651, E-mail ID- mukeshkamle9683@gmail.com)***

सारांश :-
वैश्वीकरण, वह सार्वभौमिक प्रकिया है,जिसने दुनियां भर में व्यापक परिवर्तन किए । वर्तमान समय में वैश्वीकरण ने समाज के हर क्षेत्र को प्रभावित किया है,लेकिन इसका सबसे अधिक असर युवा पीढ़ी पर देखने को मिलता है। वैश्वीकरण के कारण दुनिया के विभिन्न देशों के बीच दूरी कम हुई है और विचार, संस्कृति, तकनीक तथा जीवन शैली का आदान-प्रदान तेजी से बढ़ा है। इसका सीधा प्रभाव युवाओं के सोचने के तरीके और उनके दैनिक जीवन पर पड़ा है। आज का युवा पहले की तुलना में अधिक जागरूक, आत्मनिर्भर और नई चीजों को अपनाने वाला हो गया है। इंटरनेट, मोबाइल और सोशल मीडिया के माध्यम से उसे वैश्विक स्तर की जानकारी आसानी से मिल जाती है। शिक्षा, करियर और जीवन शैली के प्रति उसका दृष्टिकोण अधिक आधुनिक और व्यावहारिक होता जा रहा है। हालाँकि, इस परिवर्तन के कुछ नकारात्मक पहलू भी सामने आए हैं। कई बार युवा अपनी पारंपरिक संस्कृति,सामाजिक मूल्यों और पारिवारिक जिम्मेदारियों से दूर होते दिखाई देते हैं। आधुनिकता को अपनाते हुए अपने मूल्यों और संस्कृति को बनाए रखना ही एक संतुलित समाज की पहचान हो सकती है। वैश्वीकरण का प्रभाव समाज में अति प्रभावशाली रहा,सकारात्मक प्रभाव पड़ना आवश्यक भी है ताकि वर्तमान के युवा पीढ़ी का सर्वांगिण बौद्धिक,आर्थिक,सामाजिक व राजनैतिक विकास वैश्वीकरण के सकारात्मक प्रभाव से हो सके,किंतु शोध के माध्यम से वैश्विकरण के कुछ नकारात्मक पहलू भी देखने को समाज में मिल रहे है जिसके कारण लोग अपनी संस्कृति को भुला कर पाश्चात्य संस्कृति को अपना रहे है व अपनी सांस्कृतिकता,रिती- रिवाज व सही जीवन की शैली को भूला रहें हैं । देश के हर समाज को एक सम्पूर्ण रूप से प्रतिभाशाली युवाओं की आवश्यकता है पर यह तभी संभव है जब वैश्वीकरण के नकारात्मक प्रभावों को न अपनाते हुए, केवल वैश्वीकरण के सकारात्मक पहलू को अपना कर युवा अपने संस्कृति की सांस्कृतिकता को सही बनाए रखे तथा उज्जवल भविष्य की ओर आगे बढ़े । शोधार्थी द्वारा अपने अध्ययन उद्देश्य की पूर्ति हेतु अध्ययन प्रविधि के रूप में अवलोकन एवं साक्षात्कार का प्रयोग कर साक्षात्कार अनुसूची को अध्ययन प्रविधि के रूप में उपयोग किया गया है ।

मुख्य शब्द :- "वैश्वीकरण,आधुनिकता,समाज,युवा, सामाजिक मूल्य परिवर्तन,पाश्चात्य जीवन शैली, नकारात्मकता का प्रभाव, साक्षात्कार ।"

**वैश्वीकरण के दौर में भारतीय लोकतंत्र का बदलता स्वरूप**

**डॉ. कुसुम लता पुरोहित, अतिथि विद्वान् , राजकीय महाविद्यालय, डूंगला, जिला – चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) 9829276511**

**शोध सार** – 21वीं सदी में वैश्वीकरण एक अत्यंत प्रभावशाली प्रक्रिया के रूप में उभरा है, जिसने विश्व की राजनीति, अर्थव्यवस्था, संस्कृति एवं समाज के समस्त आयामों को गहराई से प्रभावित किया है। भारत एक विकासशील लोकतांत्रिक राष्ट्र होने के नाते, वैश्वीकरण की इस प्रक्रिया से अछूता नहीं रहा। वैश्वीकरण , जिसे पूंजी, वस्तुओं, सेवाओं विचारों और लोगों के सीमापार प्रवाह के रूप में परिभाषित किया जाता है , ने भारतीय राज्य की संरचना और उसके लोकतांत्रिक व्यवहार को मौलिक रूप से पुनर्गठित किया है। एक और, वैश्वीकरण ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढती अर्थव्यवस्था में से एक के रूप में स्थापित किया है, जिससे मध्यम वर्ग का विस्तार हुआ और तकनीकी प्रगति को बढावा मिला। दूसरी ओर इसने राज्य की नीतिगत स्वायत्तता को सीमित किया है, आय असमानता को गहरा किया है और लोकतांत्रिक संस्थाओं की जवाबदेही के नए संकट को उत्पन्न किये हैं। निष्कर्षत: वैश्वीकरण भारतीय राजनीति के लिए न तो पूर्णत: वरदान है न अभिशाप, बल्कि अवसरों और चुनौतियों से युक्त एक गतिशील द्वन्दात्मक प्रक्रिया है , जिसकी दिशा भारत की लोकतांत्रिक क्षमता और नीतिगत संतुलन पर निर्भर करेगी। यह शोधपत्र 1991 के उदारीकरण के बाद भारत में वैश्वीकरण के प्रभाव से उत्पन्न द्वन्द का विश्लेषण करता है कि कैसे वैश्विक एकीकरण की अनियमितताओं ने भारतीय लोकतांत्रिक ढांचे को प्रभावित किया है।

# डॉ. शैल चन्द्रा की लघुकथाओं में चित्रित सामाजिक चेतना

# (वैश्वीकरण के विशेष संदर्भ में)

**विनय कुमार देवाँगन,**
**सहायक प्राध्यापक (हिन्दी), शास. गुण्डाधूर स्नातको. महावि., कोण्डागाँव (छ.ग.)**
**एवं**
**पी-एच.डी. (हिन्दी) शोधार्थी, शास. स्वामी आत्मानंद स्नातको. महावि., नारायणपुर (छ.ग.)**
**मोबाइल नंबर- 7987371690, Email- vinaykumardewangan8@gmail.com**

**शोध-सारांश :**

साहित्य का समाज से अटूट संबंध होता है। रचनाकार अपने परिवेश से जो अनुभूतियाँ ग्रहण करता है, उन्हें ही अपनी लेखनी के माध्यम से अभिव्यक्त करता है। वर्तमान समय 'भूमंडलीकरण' और 'वैश्वीकरण' का दौर है, जिसने आर्थिक और तकनीकी दूरियों को कम करने के साथ ही सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों व स्वरूप को भी यथा-संभव परिवर्तित कर दिया है। बदलते हुए जीवन मूल्यों के बीच 'लघुकथा' विधा एक ऐसी सशक्त विधा के रूप में उभरी है, जो डॉ. महादेव काशीनाथ कलशेट्टी के शब्दों में "शेर की तरह अपने छोटे आकार में भी गहरी चोट करने की क्षमता" रखती है।

डॉ. शैल चन्द्रा समकालीन हिंदी लघुकथा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित और उल्लेखनीय हस्ताक्षर हैं। उनकी लघुकथाएँ हमारे आस-पास के समाज में घटित होने वाली घटनाओं का जीवंत कोलाज हैं। वैश्वीकरण के प्रभाव स्वरूप भारतीय समाज में 'पाश्चात्य अंधानुकरण' की एक अंधी दौड़ शुरू हुई है। डॉ. चन्द्रा की लघुकथाओं में धार्मिक पाखंड, सांप्रदायिकता और आडंबरपूर्ण जीवनशैली के विरुद्ध तीव्र आक्रोश दिखाई देता है।

निष्कर्षतः डॉ. शैल चन्द्रा की लघुकथाएँ वैश्विक परिदृश्य में कला और संस्कृति के गिरते स्तर के विरुद्ध एक सशक्त प्रतिरोध दर्ज कराती हैं। उनकी रचनाएँ पाठक को निराश नहीं करतीं, बल्कि सुखद बदलाव की एक हल्की सी किरण भी दिखाती हैं। वीरेन्द्र सरल के शब्दों में, यह "वामन में विराट की कथा यात्रा" है।

**बीज शब्द** : वैश्वीकरण, भूमंडलीकरण, सामाजिक चेतना, लघुकथा, कला और संस्कृति, सांस्कृतिक विसंगति, बाजारवाद, मानवीय मूल्य।

**---000---**

# शिक्षा और मनोवैज्ञानिक विकास पर वैश्वीकरण के प्रभाव का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

विनय राज साहू

शोधार्थी शासकीय दूधाधारी बजरंग स्ना. महिला स्वशासी महाविद्यालय, रायपुर (छ. ग.)

---

**सारांश**

प्रस्तुत शोध पत्र वैश्वीकरण के युग में शिक्षा पद्धति एवं शिक्षार्थियों के मनोवैज्ञानिक विकास दोनों के बीच की जटिल संबंधों का अध्ययन करने पर अधारित है। वैश्वीकरण ने न ही भौगोलिक सीमाओं को समाप्त कर दिया है, बल्कि ज्ञान के आदान–प्रदान, शिक्षण पद्धतियों और मानवीय चेतना के मौलिक रूप से पूरी तरह से परिवर्तित कर दिया है। इस शोध का मुख्य उद्देश्य यह समझना है कि वैश्विक एकीकरण के फलस्वरूप आधुनिक युग के शिक्षा पद्धति को किस प्रकार प्रभावित किया है और साथ ही इसके परिणाम स्वरूप छात्रों के संज्ञानात्मक एवं संवेगात्मक विकास पर क्या प्रभाव पड़ा है। यह शोध द्वितीयक आंकड़ों और साहित्य समीक्षा पर आधारित एक वर्णनात्मक विश्लेषण है। इसमें विभिन्न वैश्विक शैक्षिक संकेतकों और मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों का संदर्भ लिया गया है ताकि वैश्वीकरण के सकारात्मक और नकारात्मक पक्षों का मूल्यांकन किया जा सके। अध्ययन यह स्पष्ट करता है कि वैश्वीकरण ने शिक्षा के लोकतांत्रीकरण और डिजिटलीकरण को बढ़ावा दिया है, जिससे सूचना तक पहुंच सुलभ हुई है। मनोवैज्ञानिक स्तर पर, इसने वैश्विक नागरिकता की भावना और सांस्कृतिक अनुकूलन क्षमता को विकसित की है। हालाँकि, इसके साथ ही अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के कारण छात्रों में तनाव, पहचान का संकट और अपनी मूल सांस्कृतिक जड़ों से अलगाव जैसी मनोवैज्ञानिक चुनौतियाँ भी उत्पन्न हुई हैं। मानकीकृत परीक्षणों के दबाव ने रचनात्मकता की तुलना में प्रदर्शन–केंद्रित मानसिकता को अधिक महत्व दिया है। वैश्वीकरण शिक्षा के लिए एक द्विधारी तलवार की तरह है। जहाँ यह अपार अवसर प्रदान करता है, वहीं यह मनोवैज्ञानिक दबाव भी सृजित करता है। शोध यह सुझाव देता है कि भविष्य की शिक्षा प्रणालियों को वैश्विक कौशल और स्थानीय सांस्कृतिक मूल्यों के बीच एक संतुलन स्थापित करना चाहिए ताकि शिक्षार्थियों का समग्र और स्वस्थ मनोवैज्ञानिक विकास सुनिश्चित हो सके।

**शब्द–कुंजी** शिक्षा प्रणाली, मनोवैज्ञानिक विकास,।

नाम -जितेंद्र कुमार बारले ,पदनाम -सहायक प्राध्यापक इतिहास ,संस्था-शासकीय पंडित जवारलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा( छ.ग. ) मोबाईल - 9691700414

---

*शोध सार _वैश्वीकरण के प्रभाव में महिला सशक्तिकरण की भूमिका*

वैश्वीकरण ने विश्व स्तर पर सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों को गति दी है, जिसका प्रभाव महिलाओं की स्थिति पर भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। इस प्रक्रिया ने महिलाओं के लिए शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर उत्पन्न किए हैं। विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी, सेवा क्षेत्र और वैश्विक बाजारों के विस्तार ने महिलाओं की कार्यक्षेत्र में भागीदारी को बढ़ाया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और सामाजिक प्रतिष्ठा में सुधार हुआ है।

वैश्वीकरण के प्रभाव से महिलाओं में अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ी है तथा लैंगिक समानता के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयास तेज हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय संगठनों और नीतियों ने भी महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके परिणामस्वरूप महिलाओं की शिक्षा दर में वृद्धि हुई है और वे निर्णय लेने की प्रक्रिया में अधिक सक्रिय हुई हैं।

हालांकि, इसके साथ कई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। कार्यस्थल पर लैंगिक असमानता, वेतन में भेदभाव, दोहरी जिम्मेदारी (घर और कार्य) तथा सुरक्षा संबंधी समस्याएँ आज भी विद्यमान हैं। इसके अतिरिक्त, कुछ क्षेत्रों में महिलाओं का शोषण और असुरक्षा की स्थिति भी चिंता का विषय है।

अतः आवश्यक है कि समान अवसर, शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित नीतियों को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। निष्कर्षतः, वैश्वीकरण महिला सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम सिद्ध हुआ है, किंतु इसके लाभों को समावेशी और संतुलित बनाने के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक है

## "मीडिया, उपभोक्तावाद और वैश्वीकरण का समाज में प्रभाव"

(छत्तीसगढ़ राज्य के कबीरधाम जिले के आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिप्रेक्ष्य में )

***शोधार्थी – कल्याणी सारथी*** *(एम. ए. समाजशास्त्र  द्वितीय सेमेस्टर)*

*आचार्य पंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा (छ. ग.)*

(*WhatsApp no.- 6266576621, Email ID– kalyanisarthi2004@gmail.com)*

***शोध निर्देशक – श्री मुकेश कामले*** *(सहायक प्राध्यापक) समाजशास्त्र*

(*WhatsApp no.- 7999831651, Email ID– mukeshkamle9683@gmail.com)*

**सारांश:-**

वर्तमान समय में मीडिया, उपभोक्तावाद और वैश्वीकरण समाज को अत्यधिक प्रभावित करते हैं | यह तीनों सामाजिक परिवर्तन के प्रमुख तत्व बन गये है | मीडिया जैसे प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और डिजिटल मीडिया लोगों तक देश – विदेश की खबरे, शिक्षा, मनोरंजन आदि को बड़े पैमाने पर बहुचाती है | वर्तमान समय में समाज पर सोशल मीडिया का बहुत प्रभाव है | यह लोगों की दैनिक जीवन का हिस्सा बन चूका है | तथा यह विभिन्न प्रकार से सामाजिक परिवर्तनों को उत्पन्न कर रहें हैं |

वैश्वीकरण के कारण सम्पूर्ण विश्व एक अंतर्राष्ट्रीय बाजार के रूप में बदल गया है | विश्व के सभी देशो के बिच वस्तुओं, सेवाओं, विचारों, व्यापारों, आदि का स्वतन्त्र रूप से आना - जाना हो रहा है | सभी देश अपनी अपनी सांस्कृतिक पहचानों का आदान – प्रदान करते है | वैश्वीकरण के साथ ही उपभोक्तावाद का जन्म हुआ है | जिसके कारण लोगों में अनावश्यक खरीदारी को बढ़ावा मिला है |  तथा फैशन के लिए ब्रांडेड वस्तुओं को खरीदते है | जिसके कारण समाज में अत्यधिक प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है | यह अनावश्यक खर्च तथा समाज में दिखावे व ब्रांड संस्कृति को बढ़ावा देती है |

**मुख्य शब्द :-** मीडिया , सोशल मीडिया , वैश्वीकरण , अंतर्राष्ट्रीय बाजार , ब्रांड संस्कृति , प्रतिस्पर्धा , उपभोक्तावाद, सामाजिक परिवर्तन  |

# जनजातियों की शिक्षा तक पहुंच पर स्थानिक अलगाव का प्रभाव (बोडला विकासखंड की विशेष संदर्भ में)


| **निर्देशक** | **शोधार्थी** |
| --- | --- |
| पुष्पलता कोर्राम | लोकेश्वर साहू |
| (सहायक व्याख्याता) | भूगोल विभाग |
| भूगोल विभाग | |

**आचार्य पंत श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा (कबीरधाम)**



**<u>शोध सारांश</u>**

छत्तीसगढ़ की बोडला विकासखंड में पहाड़ों, वनों, तटीय क्षेत्रों, घाटियों में निवास करने वाली विभिन्न जनजाति समुदायों जिन्हें संविधान में अनुसूचित किया गया है। उनकी सामाजिक आर्थिक स्थिति निम्न है। किसी राष्ट्र के विकास इस बात पर निर्भर करता है कि मानव का विकास किस स्तर तक हुआ है, साथ ही संसाधनों के विकास पर भी आधारित होता है। शिक्षा तक मात्र ऐसा साधन है जिसके माध्यम से मानव का विकास संभव है और मानव के उच्च कौशल ज्ञान और तकनीकी विकास से ही किसी क्षेत्रों, प्रदेशों तथा राष्ट्रो का विकास स्तर में वृध्दि किया जा सकता है। हालांकि, भारत जैसे देशों में बोडला विकासखंड जनसंख्या का एक महत्वपूर्ण हिस्सा जनजाति आबादी के रूप में है। जिनका शैक्षणिक स्तर आज भी निम्न है। इस शोध पत्र के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य के कवर्धा जिला की बोड़ला विकासखंड के जनजातियों की शैक्षणिक स्थिति का विश्लेषण किया गया है।

**वैश्वीकरण के दौर में स्त्री विमर्श : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन**

**डॉ. चन्द्रलेखा पुरोहित, अतिथि विद्वान् , राजकीय महाविद्यालय, डूंगला, जिला – चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) 9461263036**

**शोध सार** – 21वीं शताब्दी की एक प्रमुख घटना है–वैश्वीकरण। इस दौर में आतंकवाद, पर्यावरण, बेरोजगारी, अशिक्षा आदि विषयों के साथ-साथ नारी विमर्श जैसे ज्वलंत विषय भी अध्ययन के केन्द्र में आ गए है। आज स्त्री विमर्श का क्षेत्र बहुत व्यापक हो चुका है। 'स्त्री विमर्श' केवल समानता के कानूनी दावों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह बाजारवाद, उपभोक्ता संस्कृति, डिजिटल क्रांति और पितृसत्ता के नए रूपों के साथ स्त्री के जटिल संघर्ष का एक व्यापक विमर्श बन गया है। वैश्वीकरण को एक 'दोधारी तलवार' के रूप में देखा जा सकता है, जिसने जहाँ एक ओर शहरी शिक्षित महिलाओं के लिए वैश्विक अवसरों के द्वार खोले हैं, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण और हाशिए की महिलाओं को विस्थापन, संसाधनों की कमी और नई तरह की दासता की ओर धकेला है। वर्तमान में संचार साधनों, पूंजीवाद तथा बाजारीकरण में उल्लेखनीय विकास हुआ है जिसने कई स्तर पर नारी को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है परंतु उसके अस्तित्व पर आज भी प्रश्न चिह्न लगा हुआ है। लेकिन इसी दौर की यह कडवी सचाई भी है कि इसने स्त्री को उपभोक्ता को आकर्षित करने का एक प्रोडक्ट अर्थात् वस्तु बनाकर रख दिया है। जबकि होना तो यह चाहिए था कि स्त्री मुक्ति के लिए जो संघर्ष हुए उसे पितृसत्ता, बजारीकरण, मीडिया के प्रलोभनों से हटाकर पुरुष के समकक्ष राजनीति,आर्थिक, मानसिक व सामाजिक क्षेत्रों में अपने परिवार, राष्ट्र और संस्कृति की पृष्ठभूमि में स्वतंत्र निर्णय लेने की स्वायत्तता मिलती।

# व्यापार युद्ध ( Trade war)

**कृष्ण कुमार देवांगन**
अतिथि व्याख्याता
शास. स्नातकोत्तर महावि.कवर्धा छ.ग.

**शोध सारांश**

व्यापार युद्ध (Trade war) वह स्थिति है जिसमें दो या अधिक देश एक-दूसरे के आयातित उत्पादों पर शुल्क (Tariff) बढ़ाकर या व्यापारिक प्रतिबंध लगाकर आर्थिक प्रतिस्पर्धा करते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य घरेलू उद्योगों की रक्षा करना, व्यापार घाटा कम करना तथा राष्ट्रीय आर्थिक हितों को सुरक्षित रखना होता है। आधुनिक वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्यापार युद्ध का प्रभाव केवल संबंधित देशों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि विश्व व्यापार, निवेश, आपूर्ति श्रृंखला तथा उपभोक्ता मूल्यों पर भी व्यापक प्रभाव डालता है।

व्यापार युद्ध (Trade war) अवधारणा के प्रमुख उदाहरण—विशेषकर United States–China तथा उसके वैश्विक और भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभावों का अध्ययन किया जाएगा। साथ ही, यह भी विश्लेषण किया जाएगा कि व्यापार युद्ध (Trade war) किस प्रकार अंतरराष्ट्रीय व्यापार संबंधों, विनिर्माण क्षेत्र और निवेश प्रवाह को प्रभावित करता है।

**शब्द कुंजी** – व्यापार युद्ध, Trade war, वैश्विक,

# औद्योगिक प्रदूषण और उसका वैश्विक प्रभाव

शोधार्थी – दिव्याभारती
निर्देशक – प्रो. मुकेश कामले सर

सारांश :–

18 वी शताब्दी में शुरू हुई और 19वी शताब्दी में लोकप्रियता हासिल करने वाली औद्योगिक क्रांति ने मानव के सामाजिक और आर्थिक जीवन में व्यापक परिवर्तन लाए। इस क्रांति के लाभ आज भी महसूस किए जा सकते है लेकिन इसके दुष्प्रभाव भी उतने ही स्पष्ट है। औद्योगिकरण के आगमन से औद्योगिक प्रदूषण उत्पन हुआ क्रांति के दौरान प्रैधोगिकी विनिर्माण और विज्ञान सभी में तेजी से वृद्धि हुई और आज भी यह वृद्धि जारी है। औधोगिक क्रांति से पहले उधोग छोटे थे और उनका मुख्य प्रदूषण धुऑ था।संयंत्रो का समय और आकार सीमित था जिसका अर्थ था कि प्रदूषण नगण्य था। प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों का पता तब चला जब कंपनियॉ विशाल संयंत्रो और उधोगों में परिवर्तित हो गई। औद्योगिक प्रदूषण का प्रभाव केवल किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता बल्कि इसका असर पूरी दुनिया पर पडता हैं इसे वैश्विक समस्या के रूप में देखा जाता है। औद्योगिक प्रदूषण से तात्पर्य उन हानिकारक तत्वों से है जों उधोगो (फैक्ट्रियो रासायनिक संयंत्रो आदि )द्वारा वायु जल और मिट्टी में छोडे जाते है। यह प्रदूषण मुख्यतः धुऑ जहरीली गैसें रासायनिक अपशिष्ट प्लास्टिक और भारी धातुओं के रूप में फैलता है। औद्योगिक प्रदूषण का प्रभाव केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नही रहता बल्कि इसका वैश्विक स्तर पर भी गंभीर असर पडता है। वायु प्रदूषण के कारण ग्रीनहाउस गैसो जैसे कार्बन डाइऑक्साइड मीथेन की मात्रा बढती है जिससे वैश्विक तापमान में वृद्धि होती है। इसके परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन बर्फ के ग्लेशियरों का पिघलना समुद्र स्तर में वृद्धि और प्राकृतिक आपदाओं बाढ सूखा तूफान की आवृत्ति बढ जाती है। जल प्रदूषण से समुद्री जीवन प्रभावित होता हैं और पीने योग्य जल की कमी उत्पन्न होती है। मिट्टी प्रदूषण कृषि उत्पादन को घटाता है इसके अलावा औद्योगिक प्रदूषण मानव स्वास्थ्य पर भी नकरात्मक प्रभाव डालता है। जैसे श्वसन रोग कैसर त्वचा रोग और अन्य गंभीर बीमारियॉ बढती हैं। अंतत;औद्योगिक प्रदूषण एक वैश्विक समस्या है जिसके समाधान के लिए स्वच्छ तकनीकी का उपयोग पर्यावरणीय कानूनो का पालन और जागरूकता आवश्यक है। औद्योगिक प्रदूषण एक गंभीर वैश्विक समस्या है जिसका प्रभाव मानव जीवन पर्यावरण और पृथ्वी के संतुलन पर पड रहा है। यदि समय रहते इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो इसके परिणाम और भयावह हो सकते हैं इसलिए आवश्यक है कि सरकार उधोग और आम नागरिक मिलकर इस समस्या का समाधान खोजे और एक स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण की दिशा में कदम बढाएं। सतत विकास के सिद्धांतो को अपनाकर ही हम औद्योगिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों को कम कर सकते है। और भविष्य की पीढियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित कर सकते है।

# The spread of jewellery from the Indus valley civilisation in india


## abstract -

An urban civilization of South Asia was once developing in the valley of the Indus River and the Ghagger-Hakra River or the Saraswati River. It was named the Indus Valley Civilization or Harappan Civilization. This name was kept after the city of Harappa, which one of the first cities discovered in the year 1920. It also called the Indus Saraswati Civilization.

Indus Vally Civilization is oldest Civilization in the world. Various archaeological sites a culture from then to now in the antiquities, most of the jewellery that many nomadic tribes wear. Their manufacturing material and technique, some designs and the way of wearing. jewellery have equality with Indus Vally Civilization for the example bangles on the right hand of the dancing girl statue found from the excavation of Mohenjo-Daro from the wrist to shoulder, all over the arm, match bangles worn by the banjara nomadic tribes today. This means that the nomadic tribes have been the continuous carriers of the culture of the seven thousand years old Indus civilization. Mohenjo-Daro and Lothal include necklaces of gold, semiprecious stones and other ornaments. All ornaments are well crafted. Many metals used like gold, silver, copper, ivory, ceramics and beads were the most prevalent materials use to product jewellery throughout this time period.

A hundred years ago and today Harapan Civilization across in which is currently located in Pakistan. This civilization developed around seven thousand years ago. This civilization is also known other names. Recently many excavations have been done. In which many ornaments have been by some tribals even today. Many ancient objects and ornaments obtained from the Indus civilization have a lot of similarities with the tribes residing today. Apart from this, similarity is also seen in their path of worship.



Dr.Suman Sahu

Govt. Indru kenwat

girls college Kanker

**AI and the Future of Work: Evidence-Based Insights into Sectoral Job Transformation and Risk**

Anshul Shrivastava[1]

*Department of Information Technology; Acharya Panth Shri Grinth Muni Naam Sahab Govt. P.G. College, Kabirdham, Chhattisgarh India*

***Abstract:*** *The rapid integration of Artificial Intelligence (AI) across industries is fundamentally reshaping occupational structures and redefining employment dynamics. This study presents an evidence-based analysis of AI-driven job transformation and associated employment risks through a systematic review of recent literature from major academic databases. The paper synthesizes sector-specific insights to examine how AI influences task automation, job augmentation, and skill requirements across domains such as manufacturing, information technology, healthcare, and finance. A structured methodology is adopted to identify research gaps, particularly the lack of comparative sectoral assessments and standardized risk evaluation frameworks. The findings reveal that routine-intensive sectors exhibit higher susceptibility to automation, while knowledge-driven domains experience significant augmentation and skill shifts rather than displacement. Furthermore, the study proposes a sectoral risk classification to better understand vulnerability patterns and workforce implications. The results highlight the growing importance of re-skilling and adaptive policy measures to mitigate employment risks. This work contributes by integrating fragmented literature into a coherent, comparative perspective, offering actionable insights for researchers, policy maker*s, and industry stakeholders in navigating the evolving future of work.

***Key Word****: Artificial Intelligence (AI), Occupational Transformation, Employment Risk, Sectoral Analysis, Automation and Augmentation, Future of Work*

# A Risk-Aware Spatio-Temporal Approach to Crime Pattern Analysis: A Systematic Review

**Bushra Naz** [1]

*Department of Information Technology; Acharya Panth Shri Grinth Muni Naam Sahab Govt. P.G. College, Kabirdham, Chhattisgarh India.*

**Abstract**

Spatio-temporal crime analysis has emerged as a critical tool for understanding and predicting crime patterns in urban environments. Recent advancements in machine learning and deep learning have significantly improved the accuracy of crime prediction models by capturing complex spatial and temporal dependencies. However, existing approaches primarily focus on hotspot detection and predictive performance, often lacking interpretability and limited integration of environmental risk factors and real-world policing requirements. This paper presents a comprehensive review of recent spatio-temporal crime analysis techniques, including deep learning, graph-based models, and hybrid approaches, highlighting their strengths and limitations. Based on this analysis, a conceptual risk-aware spatio-temporal framework is proposed that integrates crime density, environmental risk factors, and temporal dynamics to enhance analytical depth and practical relevance. The proposed approach emphasizes the identification of crime opportunity zones and incorporates activity-based temporal patterns to better reflect real-world crime behavior. Additionally, the framework aims to bridge the gap between predictive analytics and actionable policing strategies, particularly in data-constrained regions such as Chhattisgarh. This study contributes by combining predictive modeling with interpretability and contextual awareness, providing a foundation for more effective and adaptive crime analysis systems.

**Keywords**

Spatio-Temporal Crime Analysis, Crime Opportunity Zones, Risk-Aware Modeling, Activity-Based Temporal Analysis, Predictive Policing, Crime Pattern Analysis, Geographic Information Systems (GIS).

# व्यापार युद्ध (Trade War)

- दीपक वर्मा, सहायक प्राध्यापक इतिहास

व्यापार युद्ध एक ऐसी आर्थिक स्थिति है जहाँ दो या दो से अधिक राष्ट्र एक-दूसरे के आयात पर टैरिफ (सीमा शुल्क) या अन्य व्यापारिक बाधाएं (जैसे कोटा या सब्सिडी) लगाकर एक-दूसरे की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं। शोध के दृष्टिकोण से, यह केवल आर्थिक संघर्ष नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक वर्चस्व की एक रणनीतिक लड़ाई है।

## 1. पृष्ठभूमि ( Background)

व्यापार युद्ध का मूल **'संरक्षणवाद' (Protectionism)** और **'व्यापारिक व्यापारवाद' (Mercantilism)** के सिद्धांतों में निहित है। जबकि एडम स्मिथ और डेविड रिकार्डो जैसे अर्थशास्त्रियों ने 'तुलनात्मक लाभ' (Comparative Advantage) और मुक्त व्यापार का समर्थन किया, व्यापार युद्ध इस धारणा पर आधारित होता है कि घरेलू उद्योगों को विदेशी प्रतिस्पर्धा से बचाना राष्ट्रीय हित में है।

## 2. व्यापार युद्ध के मुख्य कारक

शोध के अनुसार, व्यापार युद्ध शुरू होने के पीछे निम्नलिखित तीन प्रमुख कारण होते हैं:

- व्यापार असंतुलन **(Trade Imbalance):** जब एक देश दूसरे देश के साथ भारी व्यापार घाटा (Trade Deficit) का सामना करता है।
- बौद्धिक संपदा और तकनीकी सुरक्षा**:** उन्नत तकनीक (जैसे 5G, AI, सेमीकंडक्टर्स) की चोरी रोकना और अपनी तकनीकी श्रेष्ठता बनाए रखना।
- राजनीतिक कारक**:** घरेलू मतदाताओं को यह दिखाना कि सरकार स्थानीय नौकरियों और उद्योगों के लिए "सख्त" कदम उठा रही है।

## 3. आर्थिक प्रभाव विश्लेषण (Impact Analysis)

व्यापार युद्ध का प्रभाव बहुआयामी होता है और अक्सर इसके परिणाम नकारात्मक ही रहते हैं:

| कारक | अल्पकालिक प्रभाव | दीर्घकालिक प्रभाव |
|---|---|---|
| उपभोक्ता | आयातित वस्तुओं के दाम बढ़ना। | क्रय शक्ति में कमी और जीवन स्तर पर असर। |

| | | |
|---|---|---|
| आपूर्ति श्रृंखला (Supply Chain) | कच्चे माल की आपूर्ति में बाधा। | वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का विखंडन (Decoupling)। |
| मुद्रा बाजार | मुद्रा का अवमूल्यन (Currency Devaluation)। | वैश्विक व्यापारिक अस्थिरता। |
| कंपनियाँ | लागत मूल्य में वृद्धि। | शोध |

## **4.** आधुनिक संदर्भ: अमेरिका-चीन और तकनीकी युद्ध

21वीं सदी का व्यापार युद्ध केवल 'माल' (Goods) तक सीमित नहीं है। शोध बताते हैं कि यह अब **"**टेक वॉर**"** में बदल चुका है।

- डेटा सुरक्षा: डेटा के प्रवाह पर नियंत्रण।
- सेमीकंडक्टर राजनीति: चिप निर्माण की क्षमता को रणनीतिक हथियार के रूप में उपयोग करना।
- निर्यात नियंत्रण: संवेदनशील तकनीकों को प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रों तक पहुँचने से रोकना।

## **5.** निष्कर्ष एवं शोध परिणाम

अधिकांश आर्थिक शोध यह निष्कर्ष निकालते हैं कि व्यापार युद्ध में **"**जीत किसी की नहीं होती**" (Lose-Lose Scenario)**।

1. यह वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वृद्धि दर को धीमा करता है।
2. यह देशों के बीच विश्वास की कमी (Trust Deficit) पैदा करता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय सहयोग कठिन हो जाता है।
3. विश्व व्यापार संगठन (WTO) जैसी संस्थाओं की प्रासंगिकता पर प्रश्नचिह्न लग जाता है।

# भारतीय संस्कृति पर वैश्वीकरण का प्रभाव : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

डॉ. रितु चन्द्राकर, (अतिथि व्याख्याता – समाजशास्त्र)
आचार्य पंथ श्री गृंध मुनी नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा, जिला–कबीरधाम (छ.ग.)

**शोध सारांश –**

प्रस्तुत अध्ययन ''भारतीय संस्कृति पर वैश्वीकरण का प्रभाव'' विषय पर आधारित है। 21वी. सदी में वैश्वीकरण ने एक प्रमुख निर्धारक शक्ति का रूप ले लिया है यह सम्पूर्ण विश्व के समाजों को प्रभावित कर रहा है और भारत भी इससे अछुता नहीं है। वैश्वीकरण ने भारतीय जीवन के विभिन्न पहलुओं जैसे कि–पारिवारिक संरचना, खान–पान, सभ्यता–संस्कृति, भाषायी विविधता तथा मनोरंजन के साधनों आदि को प्रभावित किया है, जिससे भारतीय संस्कृति पर विभिन्न प्रभावों का एक जटिल जाल निर्मित हो रहा है, जो परम्पराओं, सामाजिक मानदंडों और मूल्यों को प्रभावित कर रहा है। भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति पर वैश्वीकरण का प्रभाव सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनो तरह का है जहां एक ओर यह सांस्कृतिक आदान–प्रदान और विकास को बढ़ावा देता है तो वहीं दूसरी ओर यह विभिन्न संस्कृतियों में व्याप्त विविधता को क्षति पहुंचा रहा है और उनमें संभावित सांस्कृतिक सजातीयकरण को लेकर चिंताएं बनी हुई है। वैश्वीकरण केवल एक पक्षीय प्रभाव नहीं है। जहां सिर्फ एक पक्ष के सजातीयकरण अर्थात सभी संस्कृतियों के समान हो जाने की संभावना हो, अपितु वर्तमान में यह एक अधिक जटिल अंतक्रिया को बढ़ावा दे रहा है। वर्तमान में फास्टफूड, रेस्तरां श्रृंखला, मैकडोनॉल्ड के सिद्वांत तेजी से सम्पूर्ण विश्व को अपने प्रभाव क्षेत्र में ला रहे है। निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि वैश्वीकरण ने भारतीय संस्कृति के मूल ढ़ांचे को परिवर्तित कर रहा है। विशेषकर नगरों एवं महानगरों में इसका प्रभाव अधिक है लेकिन भारतीय ग्रामीण संरचना में इसका प्रभाव अपेक्षतः कम है। प्रस्तुत शोध पत्र के लिए द्वितीयक आंकड़ो, शोध पत्र, पत्रिकाये, संदर्भ पुस्तकें एवं इंटरनेट का प्रयोग किया गया है।

**शब्द कुंजी :–** वैश्वीकरण, संस्कृति, सजातीकरण, मैकडोनॉल्ड।

# वैश्वीकरण और सांस्कृतिक राजनीति

शोधार्थी
शंकर लाल माथुर
**Seth R-C-S- Arts and Commerce College]**
**Durg] Chhattisgarh**

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में वैश्वीकरण ने समाज, संस्कृति और राजनीति के पारंपरिक ढाँचों को व्यापक रूप से परिवर्तित किया है। यह प्रक्रिया केवल आर्थिक एकीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक स्तर पर भी गहरे प्रभाव उत्पन्न करती है। विभिन्न देशों और समाजों के बीच बढ़ते संपर्क ने सांस्कृतिक आदान–प्रदान को तीव्र बनाया है, जिससे एक ओर नई सांस्कृतिक संभावनाएँ विकसित हुई हैं, तो दूसरी ओर स्थानीय पहचान और परंपराओं के समक्ष चुनौतियाँ भी उत्पन्न हुई हैं। इसी संदर्भ में "सांस्कृतिक राजनीति" का महत्व बढ़ जाता है, जो यह समझने का प्रयास करती है कि सत्ता, विचारधारा और संस्कृति के बीच किस प्रकार संबंध निर्मित होते हैं।

यह अध्ययन वैश्वीकरण के प्रभाव में उभरती सांस्कृतिक प्रक्रियाओंकृजैसे सांस्कृतिक समरूपीकरण, संकरण और प्रतिरोध,का विश्लेषण करता है। वैश्विक संचार माध्यम, डिजिटल प्लेटफॉर्म और बाजार–उन्मुख प्रवृत्तियाँ स्थानीय संस्कृतियों को प्रभावित करते हुए एक प्रकार की सांस्कृतिक समानता को बढ़ावा देती हैं। इसके विपरीत, कई समाज अपनी विशिष्ट पहचान, भाषा और परंपराओं को सुरक्षित रखने के लिए सक्रिय प्रयास भी करते हैं, जिससे सांस्कृतिक प्रतिरोध और पुनरुत्थान की प्रवृत्तियाँ सामने आती हैं।

भारतीय संदर्भ में यह विमर्श विशेष रूप से प्रासंगिक है, क्योंकि यहाँ बहुलतावादी सांस्कृतिक संरचना के भीतर वैश्विक प्रभावों के साथ सामंजस्य स्थापित करना एक जटिल प्रक्रिया है। यह शोध इस निष्कर्ष की ओर संकेत करता है कि वैश्वीकरण और सांस्कृतिक राजनीति का संबंध एकतरफा नहीं है, बल्कि यह बहुआयामी, गतिशील और अंतःक्रियात्मक है, जिसमें परिवर्तन, संघर्ष और नवाचार तीनों साथ–साथ उपस्थित रहते हैं।

मुख्य शब्द– वैश्वीकरण, सांस्कृतिक राजनीति ,सांस्कृतिक पहचान, सांस्कृतिक समरूपीकरण, सांस्कृतिक संकरण, सांस्कृतिक प्रतिरोध, वैश्विक संचार, सांस्कृतिक विविधता

वैश्वीकरण और भौगोलिक परिदृश्य में परिवर्तन

डॉ सद्धा देवी साहू
सहायक प्राध्यापक भूगोल
शा.दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव छत्तीसगढ़

शोध सरांश
वैश्वीकरण ने विश्व को आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से जोड़ते हुए भौगोलिक परिदृश्य (Geographical Landscape) में व्यापक परिवर्तन किए हैं। परिवहन, संचार, उद्योग और शहरीकरण के विकास ने प्राकृतिक एवं मानव-निर्मित परिदृश्यों को प्रभावित किया है।

समस्या का कथन (Statement of Problem)

वैश्वीकरण के कारण भूमि उपयोग, शहरी विस्तार, पर्यावरणीय असंतुलन और क्षेत्रीय असमानताओं में तीव्र बदलाव देखने को मिल रहा है, जिनका समुचित अध्ययन आवश्यक है।

शोध के उद्देश्य (Objectives)

वैश्वीकरण के प्रभाव से भौगोलिक परिदृश्य में हुए परिवर्तनों का अध्ययन करना
शहरीकरण, औद्योगिकीकरण और भूमि उपयोग परिवर्तन का विश्लेषण करना
पर्यावरणीय प्रभावों (जैसे जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण) का मूल्यांकन करना
क्षेत्रीय असमानताओं को समझना

शोध प्रश्न (Research Questions)

वैश्वीकरण ने भौगोलिक परिदृश्य को कैसे प्रभावित किया है?
क्या शहरीकरण और औद्योगिकीकरण में वृद्धि वैश्वीकरण का परिणाम है?
वैश्वीकरण से पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़े हैं?
क्या वैश्वीकरण क्षेत्रीय असमानताओं को बढ़ाता है?

हिरेंद्र बहादुर ठाकुर
सहायक प्राध्यापक इतिहास
शा.दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव छत्तीसगढ़
Hbthakur12.rt@gmail.com
8269015813

# वैश्वीकरण का ऐतिहासिक विकास: प्राचीन काल से आधुनिक युग तक

## प्रस्तावना

वैश्वीकरण (Globalization) वह ऐतिहासिक प्रक्रिया है जिसके माध्यम से विश्व के विभिन्न भाग आपस में आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक रूप से जुड़े हैं। यह कोई अचानक घटित घटना नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक विकास है, जिसकी जड़ें प्राचीन काल में मिलती हैं और जो आधुनिक डिजिटल युग में अत्यधिक तीव्र हो चुका है।

## शोध का उद्देश्य

वैश्वीकरण के ऐतिहासिक विकास को समझना
विभिन्न कालों में इसके स्वरूप और प्रभाव का अध्ययन करना
प्राचीन से आधुनिक युग तक इसके परिवर्तन का विश्लेषण करना

## वैश्वीकरण के प्रभाव

आर्थिक: व्यापार और निवेश में वृद्धि, परंतु असमानता भी
सांस्कृतिक: सांस्कृतिक आदान-प्रदान के साथ स्थानीय संस्कृतियों पर प्रभाव
सामाजिक: जीवनशैली में परिवर्तन, शहरीकरण में वृद्धि
राजनीतिक: अंतरराष्ट्रीय सहयोग और संस्थाओं की भूमिका में वृद्धि

## निष्कर्ष

वैश्वीकरण का विकास एक निरंतर ऐतिहासिक प्रक्रिया है, जो प्राचीन व्यापार मार्गों से शुरू होकर आधुनिक डिजिटल युग तक पहुंची है। इसने विश्व को एकीकृत किया है, लेकिन साथ ही नई चुनौतियाँ भी उत्पन्न की हैं। इसलिए, वैश्वीकरण को संतुलित और समावेशी बनाना आवश्यक है।

# <u>वैश्वीकरण और साहित्य का स्वरूप</u>

आशीष श्रीवास्तव
कक्षा – एम.ए. हिन्दी, चतुर्थ सेमेस्टर
आचार्य पंथ श्री गृध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा, जिला कबीरधाम (छत्तीसगढ़)

मार्गदर्शक – श्री नरेंद्र कुमार कुलमित्र
सहायक प्राध्यापक, हिन्दी
आचार्य पंथ श्री गृध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा, जिला कबीरधाम (छत्तीसगढ़)

---

**शोध सारांश |** मानव सभ्यता के विकास के साथ साहित्य का स्वरूप निरंतर परिवर्तित होता रहा है और वर्तमान वैश्वीकरण के युग में यह परिवर्तन और अधिक तीव्र एवं व्यापक रूप में दिखाई देता है। वैश्वीकरण, जो विश्व के विभिन्न देशों, संस्कृतियों और अर्थव्यवस्थाओं के बीच बढ़ती पारस्परिकता और एकीकरण की प्रक्रिया है, ने साहित्य को स्थानीय सीमाओं से बाहर निकालकर उसे वैश्विक परिप्रेक्ष्य प्रदान किया है। इसके प्रभाव से साहित्य की विषयवस्तु, भाषा, शिल्प, दृष्टिकोण तथा अभिव्यक्ति के माध्यमों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। आज का साहित्य केवल स्थानीय जीवन, परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि इसमें प्रवास, विस्थापन, सांस्कृतिक पहचान, पर्यावरण संकट, मानवाधिकार, लैंगिक समानता और तकनीकी जीवन जैसे वैश्विक मुद्दों का समावेश हो गया है। भाषा के स्तर पर भी मिश्रित भाषा का प्रयोग बढ़ा है, जिसमें हिंदी के साथ अंग्रेज़ी और अन्य भाषाओं के शब्दों का समावेश सामान्य हो गया है, जिससे संप्रेषणीयता तो बढ़ी है, परंतु साहित्यिक शुद्धता और मौलिकता पर प्रश्न भी उठे हैं। इसके साथ ही डिजिटल माध्यमों—जैसे सोशल मीडिया, ई-पुस्तकें और ब्लॉग—ने साहित्य के सृजन और प्रसार को लोकतांत्रिक बना दिया है, जिससे अधिकाधिक लोग लेखन और पठन से जुड़ पाए हैं, यद्यपि इससे गुणवत्ता और गंभीरता से संबंधित चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। वैश्वीकरण ने साहित्यकार की भूमिका को भी परिवर्तित किया है; अब लेखक स्वयं को वैश्विक नागरिक के रूप में देखते हुए बहुसांस्कृतिक अनुभवों और अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण को अपने लेखन में स्थान देते हैं, हालांकि इससे स्थानीयता और सांस्कृतिक जड़ों के क्षीण होने की आशंका भी बनी रहती है। अनुवाद और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के विस्तार ने विश्व साहित्य की अवधारणा को सुदृढ़ किया है, जिससे विभिन्न साहित्यिक प्रवृत्तियों और विचारधाराओं का समावेश संभव हुआ है, किन्तु बाजारवाद के प्रभाव से साहित्य में व्यावसायिकता का बढ़ना तथा स्थानीय भाषाओं के अस्तित्व पर संकट भी महत्वपूर्ण चिंताएँ हैं। अतः यह कहा जा सकता है कि वैश्वीकरण ने साहित्य के स्वरूप को बहुआयामी, गतिशील और व्यापक बनाया है, परंतु इसके संतुलित विकास के लिए आवश्यक है कि साहित्य अपनी मौलिकता, सांस्कृतिक आधार और मानवीय मूल्यों को बनाए रखते हुए समकालीन परिवर्तनों के साथ सामंजस्य स्थापित करें।

---

**शब्द कुंजी –** साहित्य, वैश्वीकरण, भाषा, संस्कृति, मौलिकता।

# मीडिया, उपभोक्तावाद और वैश्वीकरण का समाज पर प्रभाव

डॉ.देवराज वर्मा (अतिथि व्याख्याता) हिंदी विभाग

आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,कवर्धा कबीरधाम (छ.ग.)

## शोध सारांश

मीडिया समाज का विश्वसनीय मित्र है| मीडिया के माध्यम से उठाए गए सवाल प्रत्येक स्थिति में आम आदमी की चिंतन का विषय बन जाता है |मीडिया ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसे मुद्दों को उठाया है जिससे यह पता लगता है कि उपभोक्तावाद का वैश्वीकरण, समाज पर कितना गहरा असर पड़ता है | आधुनिक युग में मानवीय संबंधों का आधार सहज न होकर वर्ग, जाति, धर्म और संप्रदाय में विभक्त हो गया है |

वैश्वीकरण के चलते व्यक्ति अपने भूतकाल और भविष्य दोनों से कट गया है |वह सिर्फ वर्तमान की स्वार्थ पूर्ति में लगा हुआ है | उसे न प्रकृति की चिंता है न आने वाली पीढियों की, न ही उसे अपने से बिछड़ते जा रहे अधिसंख्य मनुष्य मात्र की सुख-दुख और भूख प्यास की | यह वैश्वीकरण तीव्रता से विश्व के संपूर्ण कार्य व्यापर पर और सृजनशील जगत पर छा रहा है | यह भूमंडलीकरण जैसा आकर्षित करने वाला शब्द पृथ्वी की एकात्मकता को सभी क्षेत्र में निकट लाने की योजना है |

आज राष्ट्रों के आर्थिक हितों ने एक दूसरे देश को बहुत समीप ला दिया है इससे पहले वह कभी नहीं थे | जिसके कारण प्रत्येक देश एक दूसरे देश में होने वाले घटनाओं को बहुत पास से जान सकते हैं आज विश्व के किसी भी हिस्से में होने वाली घटना का प्रभाव न हमारे देश पर पड़ता है बल्कि साधारण व्यक्ति भी उसके प्रभाव से बच नहीं पता |

उपभोक्तावाद औद्योगीकरण के फलस्वरुप भौतिक सुख-सुविधाओं के उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि हुई है | मीडिया इसके विक्रय हेतु विभिन्न प्रकार विभिन्न प्रचार- प्रसार के माध्यम के रूप में इसे प्रोत्साहित करती है | जिससे उत्पादन के प्रति सहज ही आकृष्ट हो जाए | आज किसी भी व्यक्ति के घर में भौतिक सुख-सुविधाओं के उपकरणों की कमी नहीं है | उपभोक्तावाद के कारण जहां विकृत भोगवाद को पराश्रय मिलता है | वही भ्रष्टाचार स्वयं एक मूल्य के रूप में प्रतिष्ठित हो गया है | जिसका प्रभाव केवल एक समाज व देश पर ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर पड़ता है।

# पर्यावरण और जैव सुरक्षा प्रभाव

राजकुमार भारद्वाज (अतिथि व्याख्याता) हिंदी विभाग

...चार्य पंथ श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,कवर्धा कबीरधाम (छ.ग.)

## शोध सारांश

पर्यावरण पृथ्वी पर जीव-जंतु और बनस्पतियों के मध्य हमेशा से ही सामंजस्य की स्थिति रही है| इसके मध्य निश्चित अनुपात विद्यमान है | जीव-जंतु और बनस्पति का संतुलन पृथ्वी का सहज गुण है| इस पृथ्वी पर जो कुछ विद्यमान है उसमें मानव सबसे उत्कृष्ट है | मनुष्य को प्रकृति का रक्षक और विनाशक भी माना जाता है | प्रकृति में संतुलन स्थापित करने में मानव मात्र की भूमिका आरंभ से ही महत्वपूर्ण रही है | दूसरी तरफ प्रकृति में जब भी किसी प्रकार का असंतुलन दिखाई देता है तो उसके पीछे मनुष्य ही जिम्मेदार होता है |

पर्यावरण दो शब्दों से मिलकर बना है 'परी' व 'आवरण' के योग से बना है| जीव-जंतुओं के सामूहिक विकास और जीवन को प्रभावित करने वाली सभी परिस्थितियों और प्रभावों का अध्ययन पर्यावरण के अंतर्गत आते हैं | पर्यावरण में जल, वायु, भूमि सम्मिलित है | इसके अतिरिक्त गतिशील मनुष्य अन्य जीव जंतु, पौधे, सूक्ष्म जीव समूह शामिल है| पर्यावरण में किसी भी घटक का अनुपात बदलने से अधिक हो जाने को पर्यावरण प्रदूषण कहा जाता है| वर्तमान में जल प्रदूषण, भूमि प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण जैव प्रदूषण के कारण मनुष्य की स्थिति सोचनीय बनी हुई है|

जैव सुरक्षा तथा पर्यावरण के संरक्षण के लिए न सिर्फ जैव विविधता को बनाए रखने के लिए बल्कि संपूर्ण मानव जाति के अस्तित्व और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है | पर्यावरण तथा जैव सुरक्षा एक दूसरे से जुड़े हुए हैं | पर्यावरण प्रदूषण, जैव विविधता का नष्ट होना, कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग, हानिकारक जैव प्रजातियां पर्यावरण के लिए खतरा है | इन खतरों को कम कर मनुष्य और जीव जंतुओं की स्वास्थ्य की रक्षा का कार्य जैव सुरक्षा के माध्यम से की जाती है।

वैश्वीकरण का बहुआयामी प्रभाव : विज्ञान, व्यापार और संस्कृति का समग्र अध्ययन

मिथलेश कुमार साहू
अतिथि व्याख्याता, अर्थशास्त्र
शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालोद छत्तीसगढ़

---

सारांश:

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में वैश्वीकरण एक महत्वपूर्ण एवं गतिशील प्रक्रिया के रूप में उभरा है, जिसने मानव जीवन के विविध क्षेत्रों—विशेषतः विज्ञान, व्यापार और संस्कृति—को गहराई से प्रभावित किया है। प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य वैश्वीकरण के इन बहुआयामी प्रभावों का समग्र एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन करना है। विज्ञान के क्षेत्र में वैश्वीकरण ने ज्ञान के तीव्र प्रसार, तकनीकी नवाचार तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित किया है, जिससे अनुसंधान एवं विकास की गति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा जैव प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में वैश्विक सहभागिता ने नए आयाम स्थापित किए हैं। व्यापार के क्षेत्र में वैश्वीकरण ने वैश्विक बाजारों के विस्तार, पूंजी के मुक्त प्रवाह तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों के विकास को बढ़ावा दिया है। ई–कॉमर्स और डिजिटल अर्थव्यवस्था के उदय ने व्यापार को अधिक सुलभ एवं गतिशील बनाया है, हालांकि इसके साथ आर्थिक असमानता, व्यापार असंतुलन एवं स्थानीय उद्योगों पर दबाव जैसी चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। संस्कृति के संदर्भ में वैश्वीकरण ने विभिन्न समाजों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को सशक्त किया है, जिससे एक ओर वैश्विक संस्कृति का विकास हुआ है, वहीं दूसरी ओर पारंपरिक मूल्यों, भाषाओं एवं सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण की आवश्यकता भी बढ़ी है। अतः निष्कर्षतः वैश्वीकरण एक द्विपक्षीय प्रक्रिया है, जो विकास के व्यापक अवसर प्रदान करती है, किंतु इसके प्रभावों को संतुलित, समावेशी एवं संवेदनशील दृष्टिकोण से समझना और प्रबंधित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि सतत विकास एवं सामाजिक समृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

मुख्य शब्द: वैश्वीकरण, विज्ञान, व्यापार, संस्कृति, ई–कॉमर्स, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, आर्थिक विकास, तकनीकी नवाचार, वैश्विक बाजार

# वैश्वीकरण एवं डिजिटल अर्थव्यवस्था के संदर्भ में KCC योजना का कृषकों की आर्थिक सुदृढ़ता पर प्रभाव

**ज्योति निषाद** (शोधार्थी–अर्थशास्त्र)
कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई नगर दुर्ग (छ.ग.)

**शोध सारांश**

यह शोध पत्र वैश्वीकरण एवं डिजिटल अर्थव्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) योजना के अंतर्गत लाभार्थी कृषकों की आर्थिक सुदृढ़ता का विश्लेषण प्रस्तुत करता है। वैश्वीकरण के प्रभाव से कृषि बाजारों का विस्तार, प्रतिस्पर्धा में वृद्धि तथा मूल्य तंत्र में परिवर्तन हुआ है, वहीं डिजिटल अर्थव्यवस्था ने ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सेवाओं की पहुँच को सरल, त्वरित एवं पारदर्शी बनाया है। इस संदर्भ में KCC योजना किसानों को समय पर एवं सुलभ ऋण प्रदान कर कृषि निवेश, उत्पादन तथा आय वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अध्ययन का मुख्य उद्देश्य यह विश्लेषण करना है कि वैश्वीकरण एवं डिजिटल अर्थव्यवस्था के संयुक्त प्रभाव के अंतर्गत KCC योजना ने लाभार्थी कृषकों की आय, निवेश, उत्पादन एवं वित्तीय व्यवहार में किस प्रकार परिवर्तन किया है। अध्ययन में प्राथमिक एवं द्वितीयक आँकड़ों का उपयोग किया गया है, जिनका संकलन प्रश्नावली, साक्षात्कार एवं विभिन्न सरकारी स्रोतों के माध्यम से किया गया है। अध्ययन के निष्कर्षों से ज्ञात होता है कि KCC योजना के माध्यम से किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध होने से उनकी साहूकारों एवं अन्य अनौपचारिक स्रोतों पर निर्भरता में कमी आई है तथा कृषि निवेश एवं उत्पादन में वृद्धि हुई है। कृषकों ने KCC के माध्यम से बीज एवं उर्वरकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित कर उत्पादकता में सुधार किया। साथ ही, डिजिटल माध्यमों जैसे DBT एवं ऑनलाइन बैंकिंग के उपयोग से वित्तीय समावेशन एवं पारदर्शिता में वृद्धि हुई है, हालांकि डिजिटल साक्षरता की कमी एवं तकनीकी अवसंरचना की सीमाएँ अभी भी प्रमुख चुनौतियाँ बनी हुई हैं। अतः यह अध्ययन निष्कर्षतः दर्शाता है कि वैश्वीकरण एवं डिजिटल अर्थव्यवस्था के समन्वय से KCC योजना कृषकों की आर्थिक सुदृढ़ता में सहायक सिद्ध हो रही है, किन्तु इसके प्रभाव को और अधिक व्यापक बनाने के लिए डिजिटल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रमों के विस्तार की आवश्यकता है।

शब्दकुंजी : वैश्वीकरण, डिजिटल अर्थव्यवस्था, किसान क्रेडिट कार्ड (KCC), वित्तीय समावेशन, कृषक आर्थिक सुदृढ़ता।

# ग्रामीण शासन में महिला सरपंचों का राजनीतिक नेतृत्व: रायपुर जिले के धरसींवा विकासखंड के संदर्भ में वैश्वीकरण के वैज्ञानिक, व्यापारिक एवं सांस्कृतिक प्रभावों का समीक्षात्मक अध्ययन

शोधार्थी – श्रीमती भारती दुबे

विभाग – राजनीति विज्ञान, कला एवं मानविकी
अंजनेय विश्वविद्यालय, नरदहा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

## Abstract

ग्रामीण शासन व्यवस्था में महिला सरपंचों की भूमिका भारतीय लोकतंत्र के विकेंद्रीकरण एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य रायपुर जिले के धरसींवा विकासखंड के संदर्भ में महिला सरपंचों के राजनीतिक नेतृत्व का समीक्षात्मक विश्लेषण करना है, साथ ही वैश्वीकरण के वैज्ञानिक, व्यापारिक एवं सांस्कृतिक प्रभावों का उनके नेतृत्व पर पड़ने वाले प्रभावों का बहुआयामी अध्ययन करना है।

वैश्वीकरण के परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का विस्तार, बाजार संरचना में परिवर्तन तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान में वृद्धि हुई है, जिसका सीधा प्रभाव स्थानीय शासन प्रणाली और महिला नेतृत्व की कार्यप्रणाली पर देखा जा सकता है। इस अध्ययन में यह विश्लेषण किया गया है कि किस प्रकार वैज्ञानिक प्रगति (जैसे डिजिटल तकनीक), व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार तथा सांस्कृतिक परिवर्तनों ने महिला सरपंचों की निर्णय लेने की क्षमता, प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक भागीदारी को प्रभावित किया है।

अध्ययन के लिए प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों प्रकार के आंकड़ों का उपयोग किया गया है। प्राथमिक आंकड़े साक्षात्कार एवं प्रश्नावली के माध्यम से एकत्रित किए गए हैं, जबकि द्वितीयक स्रोतों में सरकारी रिपोर्ट, शोध पत्र एवं संबंधित साहित्य शामिल हैं। निष्कर्षतः यह पाया गया कि वैश्वीकरण ने महिला सरपंचों के नेतृत्व को सशक्त बनाने में सकारात्मक भूमिका निभाई है, यद्यपि सामाजिक रूढ़िवादिता एवं संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियाँ अभी भी विद्यमान हैं।

यह अध्ययन ग्रामीण शासन में महिला नेतृत्व की प्रभावशीलता को समझने तथा नीतिगत सुधारों के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान करता है।

Keywords: ग्रामीण शासन, महिला सशक्तिकरण, महिला सरपंच, राजनीतिक नेतृत्व, वैश्वीकरण, वैज्ञानिक प्रभाव, व्यापारिक प्रभाव, सांस्कृतिक प्रभाव, पंचायती राज प्रणाली, निर्णय लेने की क्षमता, सामाजिक सहभागिता, प्रशासनिक दक्षता, धरसींवा विकासखंड, रायपुर जिला

***Impact of Globalization on Marital Adjustment,A Psychological Perspective:Review Paper***

Dr.Kavita Kannauje
Assistant Professor
Department of Psychology
